
ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 18 मार्च 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 301


# गीतांजलि हॉस्पिटल पर बड़ा आरोप : ऑपरेशन के बाद बिगड़ी हालत से मौत, कोर्ट के आदेश पर FIR, सविना थाने और एसपी पर अनदेखी का आरोप



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के गीतांजलि हॉस्पिटल में चिकित्सकीय लापरवाही से हुई मौत के आरोप वाले मामले ने तूल पकड़ लिया है। कोर्ट के आदेश के बाद अब सविना थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रकरण में सिरोही निवासी श्रीमती हेमलता ने पति मनोज कुमार (42) की मौत के लिए डॉ. धवल व्यास और हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम को जिम्मेदार ठहराया है। परिवाद के अनुसार 28 नवंबर 2025 को पेट दर्द की शिकायत पर मनोज कुमार को गीतांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने किडनी में पथरी बताकर ऑपरेशन को सामान्य और पूरी तरह सुरक्षित बताया, जिससे परिजन आश्वस्त हो गए। आरोप है कि इसी दौरान जल्दबाजी में खाली कंसेंट पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। इस पूरे मामले में अब ऑपरेशन की प्रक्रिया, दी गई दवाओं की मात्रा, ICU प्रबंधन, रिलीव प्रक्रिया और अस्पताल प्रशासन की भूमिका की गहन जांच की जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित चिकित्सकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई संभव है।

एफआईआर में सामने आए अतिरिक्त तथ्य एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऑपरेशन के दौरान दी गई "हेवी डोज" एनेस्थीसिया और स्टेंट डालने की प्रक्रिया में कथित लापरवाही से मरीज के शरीर के अंदरूनी अंगों, विशेष रूप से पैंक्रियाज (Pancreas) को क्षति पहुंची। इसी के चलते मरीज को 'सीवियर एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस' के साथ मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर की स्थिति बनी। परिवाद में यह भी आरोप है कि उपचार के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने स्थिति की गंभीरता समय पर स्पष्ट नहीं की और परिजनों को वास्तविक स्थिति से अनभिज्ञ रखा। साथ ही एफआईआर में यह तथ्य भी जोड़ा गया है कि जब मरीज की हालत अत्यधिक बिगड़ गई, तब उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया, लेकिन वहां भी उपचार "उपेक्षापूर्ण" और जल्दबाजी में किया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि अस्पताल की ओर से पूरे उपचार का पारदर्शी मेडिकल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया।

## ऑपरेशन के दौरान लापरवाही का आरोप

शिकायत में बताया गया कि ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया और स्टेंट डालने की प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही बरती गई। इसके बाद मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई—पेट फूलना, ब्लड प्रेशर गिरना, सांस लेने में दिक्कत और किडनी फेलियर जैसी गंभीर स्थितियां सामने आईं।

## मल्टी ऑर्गन फेल्योर हो गया, गलती नहीं स्वीकारी

परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के बाद मरीज को 'सीवियर एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस' और मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर हो गया। उन्हें ICU में भर्ती करना पड़ा, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि चिकित्सकों ने उपचार में त्रुटि की बात स्वीकार करने के बावजूद परिजनों पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाया।


## दबाव में साइन, फिर दूसरे अस्पताल रेफर

एफआईआर में यह भी कहा गया है कि जब परिजन मरीज को अन्य अस्पताल ले जाना चाहते थे, तब अस्पताल प्रशासन ने रिलीव लेटर जारी करने से पहले खाली कागजों पर दबावपूर्वक हस्ताक्षर करवाए। 4 दिसंबर को मरीज को गुजरात के पालनपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पहले हुए उपचार को लापरवाहीपूर्ण बताया। बाद में अहमदाबाद रेफर किया गया।

## 12 दिसंबर को मौत, परिवार में मातम

अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान 12 दिसंबर 2025 को मनोज कुमार की मौत हो गई। मृतक की उम्र महज 42 वर्ष थी, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद कई बार सविना थाने में रिपोर्ट देने के बावजूद पुलिस ने FIR दर्ज नहीं की। 22 दिसंबर को डाक के जरिए पुलिस और एसपी को शिकायत भेजी गई, लेकिन तब भी कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला एफआईआर विवरण के अनुसार मामला अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-3, उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत इस्तगासा के आधार पर दर्ज किया गया। न्यायालय ने धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत पुलिस को प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद सविना थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) और 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार प्रकरण दर्ज कर जांच सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# इंदौर अग्निकांड: मुक्तिधाम में एक साथ जलीं 7 चिताएं



**24 न्यूज अपडेट**

इंदौर। शहर में बुधवार तड़के हुए दर्दनाक अग्निकांड ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन समेत कुल 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं।

## तड़के 3:30 बजे भड़की आग, सोते रह गए लोग

घटना बुधवार सुबह करीब 3:30 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घर में खड़ी इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी, तभी शॉर्ट सर्किट हुआ और आग कार से फैलते हुए पूरे मकान में फैल गई। हादसे के समय अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, जिससे उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया।

## गैस सिलेंडरों में धमाके, मकान का हिस्सा ढहा

पुलिस के अनुसार आग तेजी से घर के अंदर रखे एलपीजी सिलेंडरों तक पहुंच गई, जिसके बाद एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाके इतने तेज थे कि मकान का एक हिस्सा भी ढह गया। घर में रखे पॉलिमर केमिकल ने भी आग को और भड़काने का काम किया, जिससे लपटें तेजी से तीनों मंजिलों में फैल गईं।

## डिजिटल लॉक बना मौत का कारण

हादसे में एक बड़ा कारण घर में लगा डिजिटल लॉक भी बना। बिजली सप्लाई बाधित होने के कारण लॉक सिस्टम काम नहीं कर पाया, जिससे अंदर फंसे लोग समय पर बाहर नहीं निकल सके। बाद में राहत दल को ग्रिल काटकर अंदर पहुंचना पड़ा।

## बिहार से आए रिश्तेदार भी बने शिकार

मृतकों में 6 लोग मनोज पुगलिया के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। खुशियों के बीच आए मेहमानों के लिए यह यात्रा मौत में बदल गई।

## फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची, बढ़ा नुकसान

स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिससे आग पर काबू पाने में देरी हुई और नुकसान बढ़ गया। हादसे के बाद पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। तिलकनगर मुक्तिधाम में मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया, जहां एक साथ 7 चिताएं जलीं। एक मासूम बच्चे के शव को दफनाया गया, जिसे बॉक्स में रखकर लाया गया था। अंतिम विदाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और माहौल बेहद गमगीन रहा।

## पीएम-सीएम ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# राज्यों को 10% एक्स्ट्रा LPG कोटा मिलेगा:सरकार ने माना- LPG किल्लत जारी; मोदी और पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक



**24 न्यूज अपडेट**

ईरान-इजराइल जंग के बीच भारत में LPG सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10% ज्यादा LPG कोटा देने का ऑफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे LPG की जगह PNG अपनाने में मदद करने को कहा गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू LPG उत्पादन 40% बढ़ा है लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। LPG की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं।

वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई।

करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार (SPR) की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक देश के पास कुछ हफ्तों का तेल स्टॉक मौजूद है, जिससे फिलहाल संकट की संभावना कम है।

दरअसल होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनियाभर में तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। हालांकि युद्ध के माहौल में भारत के तीन जहाज शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी तेल-गैस लेकर गुजरात के पोर्ट्स पर पहुंचे हैं।

## सरकार की अपील- LPG की जगह PNG अपनाएं

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि आज 93% LPG बुकिंग ऑनलाइन हुई है। सरकार ने लोगों से कहा है कि एजेंसी पर जाने से बचें और सिर्फ आधिकारिक ऐप या वेबसाइट से ही बुकिंग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें।

उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्ती कर रही है। इसी के तहत मंगलवार को देशभर में 2300 से ज्यादा LPG दुकानों पर अचानक जांच की गई।

अधिकारी ने बताया कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि जहां PNG सुविधा है, वहां LPG की जगह PNG अपनाएं, इससे सप्लाई का दबाव कम होगा और यह ज्यादा सुरक्षित भी है।

उन्होंने बताया कि LPG कैरिअर नंदादेवी और शिवालिक से LPG डिस्चार्ज चल रहा है। किसी भी पोर्ट पर कोई कंजेक्शन नहीं है। मंत्रालय पूरे हालात की निगरानी कर रही है।

अधिकारी ने कहा कि 15 राज्यों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई जारी है और पिछले 4 दिनों में करीब 7200 टन गैस दी गई है। सरकार का कहना है कि देश में तेल और गैस का पर्याप्त स्टॉक है।

सरकार ने बताया कि हवाई जहाज के ईंधन (ATF) की भी कमी नहीं है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें अभी नहीं बढ़ाई गई हैं, जिससे आम लोगों को राहत है।

# जियो ने IPO के लिए 17 ग्लोबल बैंकर्स नियुक्त किए: 40,000 करोड़ से ज्यादा जुटा सकती है कंपनी, ये देश का सबसे बड़ा IPO होगा




**24 न्यूज अपडेट**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स ने अपने आईपीओ के लिए 17 ग्लोबल और घरेलू इन्वेस्टमेंट बैंकों को नियुक्त किया है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। ईटी नाऊ की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी गई है।

**गोल्डमैन सैक्स जैसे दिग्गज संभालेंगे कमान**

जियो ने इस इश्यू को मैनेज करने के लिए गोल्डमैन सैक्स, मॉर्गन स्टेनली और जेपी मॉर्गन जैसी इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनियों को ऑनबोर्ड किया हैं। इनके अलावा कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल जैसे घरेलू बैंक भी इस टीम का हिस्सा हैं।

जियो प्लेटफॉर्म्स की वैल्यूएशन लगभग 180 बिलियन डॉलर (करीब 16 लाख करोड़) के आसपास हो सकती है। सेबी के नए नियमों के मुताबिक, जिन कंपनियों की वैल्यूएशन 5 लाख करोड़ से ज्यादा है, वे सिर्फ 2.5% पब्लिक फ्लोट के साथ लिस्ट हो सकती हैं।

इस आधार पर अगर रिलायंस सिर्फ 2.5% हिस्सेदारी भी बेचता है, तो वह 40,000 करोड़ से ज्यादा जुटा सकता है, जो इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा IPO बना देगा।

# सेंसेक्स में 633 अंक चढ़कर 76,704 पर बंद:निफ्टी में भी 197 अंक की तेजी, 23,778 पर आया; IT और रियल्टी शेयर्स में खरीदारी




**24 न्यूज अपडेट**

शेयर बाजार में आज यानी 18 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स करीब 633 अंक (0.83%) चढ़कर 76,704 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 197 अंक (0.83%) की तेजी रही, यह 23,778 के स्तर पर पहुंच गया है। आज IT और रियल्टी शेयरों में खरीदारी दिखी।

# चांदी तीन दिन में 18,138 सस्ती, 2.50 लाख पर आई:सोना 4,778 गिरकर 1.55 लाख पर आया, ईरान जंग का असर



**24 न्यूज अपडेट**

सोने-चांदी की कीमतों में आज गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 2,177 रुपए घटकर 2.50 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.52 लाख रुपए किलो थी।

वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 143 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 17 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10g था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना तीन दिन में 4,778 और चांदी 18,138 सस्ती हुई है।

## संपादकीय : साझेदारी की कसौटी

भारत और अमेरिका के बीच पिछले महीने जिरा अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनी थी, उसे लेकर कई तरह की दुविधाएं थीं और कुछ शर्तें पहले ही सवालों के घेरे में थीं। अमेरिका की ओर से जिस ढांचे में शुल्क दरें तय करने की बात कही गई थी, उसे भारत के लिहाज से घाटे का सौदा माना जा रहा था। एक तरह से तभी इस बात की आशंका बन रही थी कि भारत इस मसले पर अमेरिका से पुनर्विचार करने को कह सकता है। मगर कई बार वैश्विक समीकरण इस तरह काम करते हैं कि दोनों पक्षों को मौजूदा तकाजों के मुताबिक फैसला लेना होता है। शायद यही वजह है कि उस समय अमेरिका की ओर से शुल्क दर घटा कर अठारह फीसद कर दिया गया था और भारत ने उस पर सहमति जताई थी। मगर अब भारत सरकार की ओर से यह साफ कहा गया है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता तभी आगे बढ़ेगा या उस पर हस्ताक्षर होंगे, जब नया वैश्विक शुल्क ढांच तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर इसी महीने हस्ताक्षर होने थे, लेकिन चूंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पुरानी शुल्क दरों को अमान्य करार दे दिया गया, इसलिए अब वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को वैश्विक व्यापार के लिए नया ढांचा तैयार करने की जरूरत पड़ रही है । इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी व्यापार समझौते में शामिल देश तभी सहमत होते हैं, जब उन्हें विश्व बाजार में अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले ज्यादा सुविधाएं या लाभ मिलें । मगर पिछले महीने अमेरिका के साथ जिन परिस्थितियों में व्यापार समझौते पर बात आगे बढ़ी थी, उसे भारत के लिहाज से अनुकूल नहीं कहा जा सकता था। खासतौर पर शुल्क दरें तय किए जाने की कसैटी चूंकि समान नहीं थी, इसलिए आने वाले वक्त में इस मसले पर संतुलन बनाने की मांग उठने की पूरी संभावना थी। इसके अलावा, खुद् अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के शुल्क दरों के ढांचे को कठघरे में खड़ा कर दिया। हालांकि एक वस्तुस्थिति यह भी है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भले ही वार्ता आगे बढ़ रही थी, लेकिन अब तक यह केवल समझौते के प्रारूप तक ही पहुंची थी और इसके लिए किसी कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं हुए थे। यानी कहा जा सकता है कि भारत के पास फिलहाल नई परिस्थितियों में अपने हित के मद्देनजर समझौते के प्रारूप में बदलाव करने की गुंजाइश बाकी है। दरअसल, अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत में अमेरिका की ओर से शुल्क दरों के अलावा भारत के सामने रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने को लेकर भी शर्त जोड़ने की कोशिश की गई। भारत के लिए यह एक असुविधाजनक स्थिति थी और इसे इसी रूप में मान लेना एक मुश्किल काम था। मगर पिछले दिनों ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद तेल आपूर्ति में वैश्विक पैमाने पर जिस स्तर की बाधा आई, उसे देखते हुए रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने की शर्त अपने आप कसौटी पर आ गई। स्वाभाविक ही नई परिस्थितियों में भारत अब व्यापार समझौते में अपना हित सुरक्षित रखने की कोशिश करेगा, ताकि इसकी वजह से देश को किसी आपात स्थिति का सामना न करना पड़े। यों भी, दो संप्रभु देशों के बीच किसी भी तरह की साझेदारी अगर परस्पर और समान हित की कसौटियों पर हो, तभी वह दीर्घकालिक नतीजे देने वाली साबित होगी ।

## मानवता के विरुद्ध

आज जब पूरे विश्व को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ना था, तब कई देश युद्ध के उन्माद में इस कदर डूबे हुए हैं कि मानवीयता तार-तार हो रही है। सैन्य संघर्ष लगातार बढ़ते जाने से शांति कायम होने की उम्मीदें धूमिल पड़ रही हैं। हमलों का जख्म इतना गहरा है कि उसकी कीमत प्रायः निर्दोष लोग चुका रहे हैं, जिनका बुद्ध से कोई वास्ता नहीं। सबसे दुखद यह कि कई बड़े और यहां तक कि छोटे देश भी युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों को मानने के लिए तैयार नहीं पूरी दुनिया ने गाजा से लेकर यूक्रेन और तेहरान तक यह देखा है कि किस तरह उन ठिकानों पर भी हमले किए गए, जो नियम के विरुद्ध था । पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव के बीच सोमवार रात जो दृश्य सामने आया, उससे साबित हो गया कि मानवीय संवेदनाओं के सारे तकाजों को ताक पर रख दिया गया है। यह बेहद दुखद है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिससे चार सौ बेकसूर लोगों की मौत हो गई। भारत ने इस मामले में उचित ही सवाल उठाया है कि रमजान के पवित्र माह में इस हवाई बमबारी को किस तरह से देखा जाए। युद्ध के दौरान गैरजरूरी हिंसा रोकने और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए बनाए गए नियमों में स्पष्ट कहा गया है कि जंग के दौरान आम नागरिकों, स्कूल- अस्पताल और शरण लेने वाली जगहों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। कोई देश रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों, विद्यालयों और राहत केंद्रों पर हमला करता है, तो यह युद्ध अपराध है। मगर मानवीय तकाजे के बावजूद नियमों को ताक पर रख कर हमले किए जा रहे हैं, तो इसका मकसद क्या है ? आज युद्ध की भयावह तस्वीरें हमारे पड़ोस से लेकर पूरे मध्य-पूर्व में दिखाई दे रही हैं। सैन्य हमलों में लोग बेघर हो रहे हैं। वे शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। बिजली पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में उनका जीवन बदतर हो गया है। हवाई बमबारी में विद्यालयों और अस्पतालों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मासूम बच्चे और निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं, तो इसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है?

# श्मशान में मौत का साया: मधुमक्खियों का फिर हमला, PPE किट में हुआ अंतिम संस्कार; 2 की मौत, 50 घायल



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ । जिले के बेगूं क्षेत्र के पारसोली गांव में एक बेहद डरावनी और असामान्य घटना सामने आई, जहां मधुमक्खियों के हमले ने शोकसभा को मातम में बदल दिया। पहले एक बुजुर्ग की जान गई, और फिर उनके अंतिम संस्कार के दौरान हुए हमले में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि करीब 50 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, 80 वर्षीय जमनेश पर मंगलवार को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था। गंभीर हालत में उन्हें चित्तौड़गढ़ लाया गया, जहां बुधवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद जब ग्रामीण उनके अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक लोगों पर हमला बोल दिया। हमला इतना तेज था कि लोग शव को वहीं छोड़कर जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। कोई पेड़ों के पीछे छिपा, तो कोई खुले मैदान की ओर दौड़ पड़ा। देखते ही देखते श्मशान घाट और उसके आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस हमले में करीब 50 लोग घायल हुए, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई गई। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को चित्तौड़गढ़ रेफर किया गया। इलाज के दौरान 75 वर्षीय भवानी शंकर ने भी दम तोड़ दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाला। उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया और तहसीलदार गोपाल जीनगर मौके पर पहुंचे। मधुमक्खियों के खतरे को देखते हुए अधिकारियों ने विशेष सावधानी बरतते हुए कुछ लोगों को PPE किट पहनाकर श्मशान घाट भेजा, जिनकी मदद से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करवाई गई।

# स्कूल बस बनी 'मौत का सफर': ड्राइवर की लापरवाही से 7वीं के छात्र की कुचलकर मौत, गुस्साए परिजनों का हंगामा



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। सरोदा थाना क्षेत्र के घोड़ाफला गांव में एक दर्दनाक हादसे ने स्कूल परिवहन व्यवस्था की पोल खोल दी। निजी स्कूल बस ड्राइवर की लापरवाही ने 15 वर्षीय छात्र की जान ले ली। हादसे के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार, लिम्बोड़ बड़ी निवासी जतिन रेबारी कक्षा 7 का छात्र था और घोड़ाफला स्थित आदेश विद्यानिकेतन उच्च माध्यमिक स्कूल में पढ़ता था। मंगलवार को छुट्टी के बाद वह अन्य बच्चों के साथ स्कूल बस से घर लौट रहा था। ओवरलोड बस, अचानक ब्रेक और मौत का गिरना बताया जा रहा है कि बस बच्चों से खचाखच भरी हुई थी। इसी दौरान ड्राइवर ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। बस के गेट के पास खड़ा जतिन संतुलन खो बैठा और सीधे सड़क पर गिर गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, वह बस के पिछले टायर की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मानवता हुई शर्मसार: पहले बच्चों को छोड़ा, फिर अस्पताल पहुंचाया

हादसे के बाद जो हुआ, उसने सभी को झकझोर दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय ड्राइवर ने उसे बस में ही बैठाए रखा और बाकी बच्चों को उनके घर छोड़ने निकल पड़ा। कीमती वक्त यूं ही निकल गया।

सभी बच्चों को उतारने के बाद ड्राइवर घायल जतिन को सागवाड़ा अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अगर समय रहते उसे अस्पताल पहुंचाया जाता, तो उसकी जान बच सकती थी।

### मॉर्च्युरी के बाहर फूटा गुस्सा

जतिन की मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और समाज के लोग अस्पताल पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने मॉर्च्युरी के बाहर प्रदर्शन करते हुए स्कूल प्रबंधन और बस ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जांच में जुटी पुलिस, सवालों के घेरे में स्कूल सिस्टम सरोदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं यह हादसा एक बार फिर स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों, ओवरलोडिंग और ड्राइवरों की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# 12 फीट गड्ढे में गिरी कार, BJP नेता के दामाद की मौत-14 दिन में दूसरी जान गई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में खेलगांव रोड स्थित हनुमानजी मंदिर के पास बना खतरनाक मोड़ एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। मंगलवार देर रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 12 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार चला रहे युवक हिमांशु सालवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि साथ बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक हिमांशु सालवी, बोहरा गणेशजी निवासी रामचन्द्र सालवी का पुत्र था और शहर भाजपा जिला महामंत्री देवीलाल सालवी का दामाद बताया जा रहा है। हिमांशु यूनिवर्सिटी रोड पर एक सैलून संचालित करता था। घटना के वक्त वह अपने दोस्त राहुल सिंह (निवासी जीबीएच क्षेत्र) के साथ किसी काम से लौट रहा था। पुलिस के अनुसार, हनुमानजी मंदिर के पास बने इस खतरनाक टर्न पर कार की रफ्तार अधिक थी। मोड़ लेते वक्त अचानक बैलेंस बिगड़ा और कार सीधे गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हिमांशु की गर्दन कार के गेट से टकराई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही सुखेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। 14 दिन में दूसरी मौत, फिर भी जिम्मेदार खामोश चौंकाने वाली बात यह है कि इसी टर्न पर बीते 14 दिनों में यह दूसरी मौत है। इससे पहले एक बुलेट सवार युवक भी इसी जगह अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम किए गए हैं।

### शिकायतें बहुत, कार्रवाई शून्य

क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस खतरनाक मोड़ को लेकर कई बार यूडीए से शिकायत की जा चुकी है। टर्न के दोनों ओर बाउंड्री वॉल, बैरिकेडिंग और रिफ्लेक्टर साइन बोर्ड लगाने की मांग उठी, लेकिन हर बार फाइलों में ही दब गई। नतीजा—यह 'ब्लैक स्पॉट' अब खुलेआम जानें निगल रहा है।

# गैस संकट पर सड़क पर उतरीं प्रीति शक्तावत, चूल्हे पर बनाई चाय




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर / वल्लभनगर। गैस सिलेंडर की कमी और जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने वल्लभनगर में प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत ने सड़क पर चूल्हा जलाकर चाय बनाई और विरोध जताया। शक्तावत ने कहा कि गैस की कमी से छोटे व्यापारी और आम परिवार प्रभावित हो रहे हैं, कई लोगों के सामने आजीविका का संकट खड़ा है। उन्होंने कानून व्यवस्था, पटवारी कार्यालयों में स्टाफ की कमी, नगर पालिका की सुस्ती और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने भटेवर अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति, आईटीआई संचालन और लंबित पंचायत चुनावों को लेकर सरकार को घेरा और आमजन की समस्याओं के समाधान की मांग की।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 मार्च। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा सत्र 2026-27 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय मावली के प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन अस्थायी रूप से किया गया है। प्रवेश अंतिम रूप से योग्यता की शर्तों की पूर्ति तथा आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन रहेगा। प्रवेश संबंधी आगामी कार्यवाही, दस्तावेज़ सत्यापन तथा रिपोर्टिंग तिथि की सूचना संबंधित जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को अलग से दी जाएगी। यद्यपि परिणाम प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी जवाहर नवोदय विद्यालय की सूचना को अंतिम माना जाए।

डी 2808837, एफ2808802, आई2812267, आई2813136, आई2815142, आई2818087, जे2807533, जे2808671, जे2808717, जे2809854, जे2812259, जे2812330, जे2812654, जे2818706, जे2819188, के2807529, के2808248, के2809631, के2809964, के2811015, के2812430, के2813158, के2816836, के2817542, के2818856, के2819051, एल2809211, एल2809669, एल2809676, एल2809877, एल2810307, एल2811005, एल2811851, एल2811886, एल2812040, एल2812186 एल2814301, एल2814851, एल2814927, एल2816027, एल2816029, एल2816508, एल2816869, एल2817965, एल2817980, एल2818130, एल2819010, एल2819037, एम2807526, एम2808620, एन2808619, एन2809670, एन2809950, एन2812264, एन2813044, एन2814344, एन2815475, एन2818958, एन2820236, एन2820297, एन2820351, एन2821360, ओ2807513, ओ2816304, ओ2817147, पी2808762, पी2809908, पी2809914, पी2810416, पी2811073, पी2811389, पी2811800, पी2813387, पी2816146, पी2816556, पी2816886, पी2817038, पी2817950, पी2818812, पी2818990

# श्री खाटूश्याम कीर्तन 21 को तुलसीदास सराय मे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से शनिवार 21 नवम्बर को सायंकाल 7:15 बजे से निर्माणाधीन श्री खाटूश्याम मन्दिर प्रांगण, तुलसीदास सराय डबोक एयरपोर्ट रोड पर श्री श्याम गुणगान कीर्तन होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरने निम्बाहेडा से अखिलेश ठाकुर को आमंत्रित किया है। देश के विभिन्न भागो मे उदयपुर का नाम रोशन करने वाली श्री मती केमिता राठौड एंव इतिशा अग्रवाल भी श्याम भजनो से आनन्दित करेगें। बाबा का श्रृंगार व दरबार साँवरिया डेकोरेटर जयपुर करेंगे। उमेश म्यूजिकल ग्रुप नीमच के साजिन्दे होगें वहीं हिमांशु साउण्ड मधुर ध्वनि बिखेरेगें।



# चिड़ावा में व्यापारी के बेटे से 11 लाख की रंगदारी मांगने का पर्दाफाश
## विदेश में बैठा सरगना, स्थानीय युवकों ने दिया पूरा नेटवर्क, 2 आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 मार्च। झुंझुनू पुलिस ने कस्बे के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के बेटे को जान से मारने की धमकी देकर 11 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत के निर्देशानुसार और चिड़ावा थानाधिकारी अंबिका चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना का विवरण देते हुए कार्यवाहक एसपी राजावत ने बताया कि 16 मार्च को परिवादी ललित भगेरिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार उनके पुत्र नीरज के पास व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से कॉल और अश्लील मैसेज आए। अपराधी ने नीरज की फोटो भेजकर दावा किया कि उसके पास घर, दुकान और फार्म हाउस सहित परिवार की पूरी लोकेशन की जानकारी है। मैसेज में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि 11 लाख रुपये नहीं दिए गए, तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

### मुख्य सरगना कतर में, स्थानीय युवकों ने की थी मुखबिरी

पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि इस पूरी साजिश का मुख्य सरगना साहिल पुत्र सैयद निवासी चिड़ावा है, जो वर्तमान में विदेश (कतर) में बैठा है। पुलिस ने साहिल को संसाधन उपलब्ध करवाने वाले दो स्थानीय आरोपियों को दबोच लिया है।

मामले में गिरफ्तार आरोपी भूपेन्द्र सैनी (20) निवासी शेखपुरा थाना मंड्रेला ने अपने नाम से सिम जारी करवाकर मुख्य सरगना साहिल को उपलब्ध करवाई थी। योगेश शर्मा 20 निवासी वार्ड नंबर 1 थाना चिड़ावा ने पीड़ित नीरज की फोटो और उसका मोबाइल नंबर साहिल को भेजा था ताकि वह रंगदारी मांग सके।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब मुख्य सरगना की गिरफ्तारी और इस नेटवर्क के अन्य संपर्कों को लेकर गहन अनुसंधान कर रही है। इस महत्वपूर्ण खुलासे में साइबर सेल के जितेंद्र थाकन की विशेष भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र, सउनि राजेंद्र सिंह, प्रताप कुमार, और डीएसटी टीम के सदस्य शामिल रहे।

# खेरवाड़ा में गैस रिफिलिंग पर बड़ा छापा: 9 सिलेंडर व उपकरण जब्त, सख्त कार्रवाई जारी




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 मार्च। घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। इसी कड़ी में खेरवाड़ा स्थित आदिनाथ एंटरप्राइजेस पर सतर्कता दल ने छापा मारकर 9 घरेलू गैस सिलेंडर और गैस ट्रांसफर में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए। जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देश पर गठित तहसील स्तरीय सतर्कता दल—जिसमें तहसीलदार, पुलिस निरीक्षक, प्रवर्तन अधिकारी और ऑयल कंपनी के विक्रय अधिकारी शामिल हैं—द्वारा यह कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी (ग्रामीण) मनीष भटनागर के निर्देशन में मनाली भट्ट और दीपिका रोत ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर अवैध भंडारण व रिफिलिंग पकड़ी। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मीणा भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा। प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला रसद अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि गैस की कालाबाजारी या अवैध रिफिलिंग की किसी भी सूचना को जिला कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम, संबंधित प्रवर्तन अधिकारी या रसद विभाग तक तुरंत पहुंचाएं, ताकि समय पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में भक्ति का रंग, पालकी यात्रा व सुंदरकांड से गूंजा नया राजपुरा



24 न्यूज अपडेट

नया राजपुरा। गांव स्थित मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों ने बालाजी महाराज को गदा व वस्त्र अर्पित कर प्रसाद चढ़ाया और सुख-समृद्धि की कामना की। श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की पालकी के साथ श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जहां डीजे व भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। मंदिर की मान्यता को लेकर श्रद्धालुओं में खास आस्था देखने को मिली। रात्रि में "एक शाम मंशापूर्ण बालाजी महाराज के नाम" विशाल संगीत के तहत बांसड़ा के मंशापूर्ण महादेव सुंदरकांड मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। इस मौके पर रतन मेनारिया, मदन मेनारिया, देवीलाल मेनारिया, हीरालाल मेनारिया, तख्तमल, अनिल, कैलाश नेता, अर्जुन, शिव प्रकाश, कपिल, प्रभु, चंदन, जगदीश, दशरथ, पवन शंकर दास सहित पाटीदार व मेनारिया समाज के लोग, मुख्य पुजारी सुरेश दास वैष्णव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहे।

# स्वच्छता सप्ताह: गुलाब बाग हनुमान मंदिर बावड़ी की विशेष सफाई, नागरिकों ने लिया संकल्प



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान दिवस के तहत नगर निगम के "स्वच्छता सप्ताह" अभियान के पांचवें दिन गुलाब बाग स्थित हनुमान मंदिर बावड़ी पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के अनुसार स्वास्थ्य शाखा व सफाई दल ने बावड़ी परिसर से कचरा हटाकर जल स्रोत, सीढ़ियों और आसपास की गंदगी साफ की। इस दौरान स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। अभियान में स्थानीय नागरिक, मंदिर समिति और व्यापारी भी शामिल हुए। स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा व निरीक्षक सुभाष चंद्र शर्मा ने लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने की अपील की। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सप्ताह के तहत शहरभर में ऐसे अभियान जारी रहेंगे, जिसमें जनभागीदारी से उदयपुर को स्वच्छ और आदर्श शहर बनाने का लक्ष्य है।

# एक कोडऔर खाली खाता: डिलीवरी एजेंट बनकर नया साइबर जाल
## USSD कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम से सावधान: राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी जारी

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 16 मार्च। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा प्रदेश में साइबर अपराधियों पर लगाम कसने और आमजन को सुरक्षित रखने के लिए लगातार सतर्कता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने साइबर ठगी के एक बेहद शातिर और नए तरीके USSD कॉल फॉरवर्डिंग को लेकर एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी अब डिलीवरी एजेंट बनकर लोगों के मोबाइल का नियंत्रण अपने हाथ में ले रहे हैं और पलक झपकते ही बैंक खातों से जमापूंजी पार कर रहे हैं।

उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के इस नए तरीके में अपराधी खुद को नामी कूरियर कंपनियों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, फूड डिलीवरी या लॉजिस्टिक कंपनी का डिलीवरी एजेंट बताकर कॉल करते हैं। ठग बेहद विश्वास के साथ बात करते हुए बहाना बनाते हैं कि आपके घर का पता नहीं मिल रहा है या पार्सल डिलीवर करने के लिए पते का सत्यापन जरूरी है। वे तत्काल डिलीवरी का लालच देकर पीड़ित को अपने झांसे में लेते हैं और तकनीकी खराबी दूर करने के नाम पर मोबाइल में एक विशिष्ट कोड डायल करने का दबाव बनाते हैं।

### USSD कोड से कॉल फॉरवर्डिंग का खेल

ठग पीड़ित से *21, *67 या *61 के साथ एक मोबाइल नंबर डायल करवाते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति अपने फोन पर यह कोड और ठग द्वारा बताया गया नंबर डायल करता है, उसके मोबाइल की कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा सक्रिय हो जाती है। इसके बाद पीड़ित के फोन पर आने वाली सभी इनकमिंग कॉल्स, वेरिफिकेशन कॉल ओटीपी इत्यादि सीधे अपराधी के मोबाइल पर पहुंचने लगती हैं। जिससे वह आसानी से बैंक खातों और डिजिटल वॉलेट में सेंध लगा देता है।

### इन घातक कोड्स से रहें दूर

**21*मोबाइल नम्बर#: सभी कॉल सीधे ठग के नंबर पर भेजने के लिए।

**67*मोबाइल नम्बर#: जब आप किसी दूसरी कॉल पर व्यस्त हों, तब कॉल ट्रांसफर करने के लिए।

**61*मोबाइल नम्बर#: फोन न उठाने की स्थिति में कॉल फॉरवर्ड करने के लिए।

### सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव

साइबर शाखा ने आमजन को आगाह किया है कि किसी भी अनजान व्यक्ति, चाहे वह स्वयं को डिलीवरी बॉय ही क्यों न बताए, उसके कहने पर अपने मोबाइल से कोई भी कोड डायल न करें। पार्सल की पुष्टि के लिए हमेशा आधिकारिक वेबसाइट या संबंधित ऐप का ही उपयोग करें। यदि किसी को संदेह हो कि उसके फोन की कॉल फॉरवर्डिंग चालू हो गई है, तो उसे तुरंत अपने मोबाइल से ##002# डायल करना चाहिए। यह कोड डायल करते ही सभी प्रकार की सक्रिय कॉल फॉरवर्डिंग तुरंत निष्क्रिय हो जाती है।

एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे बिना समय गंवाए निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर सूचना देनी चाहिए। इसके अलावा पीड़ित तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या विशेष साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 / 9257510100 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# रेलमंत्री बोले-60 हजार करोड़ की सब्सिडी, बढ़ेंगे जनरल कोच



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। संसद में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों (2026-27) पर जवाब देते हुए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आम यात्रियों को बेहतर सुविधाओं का भरोसा दिलाया। दावों की लंबी फेहरिस्त में जनरल कोच बढ़ाने से लेकर भारी सब्सिडी, नई तकनीक और स्टेशनों के कायाकल्प तक सब शामिल रहा है।

### जनरल कोच बढ़ाने का दावा

रेलमंत्री ने कहा कि रेलवे का फोकस आम आदमी पर है, इसलिए नॉन-एसी और जनरल कोच की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में करीब 70% कोच जनरल और स्लीपर श्रेणी के हैं। 2024-25 में 1,250 और 2025-26 में 860 अतिरिक्त जनरल कोच जोड़े गए हैं।

### सब्सिडी का सहारा

रेलवे हर साल करीब 60 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है, जिससे यात्रियों को औसतन 45% तक किराए में राहत मिल रही है। यानी सफर अभी भी सरकारी सहारे पर टिके 'सस्ते सफर' का मॉडल बना हुआ है। रेलवे का 'RailOne' ऐप तेजी से लोकप्रिय हुआ है। 2.5 करोड़ डाउनलोड और रोजाना 9.5 लाख टिकट बुकिंग का दावा है। एक ही प्लेटफॉर्म पर टिकट, पीएनआर, पूछताछ और शिकायत जैसी सेवाएं जोड़ने की कोशिश की गई है।

### रोजगार पर भी जोर

पिछले 10 वर्षों में 5 लाख नौकरियां देने और 1.43 लाख भर्तियां जारी होने का दावा किया गया। 15 भाषाओं और 150 शहरों में परीक्षाएं आयोजित कर 3.6 करोड़ अभ्यर्थियों को मौका देने की बात भी कही गई।

**स्टेशन री-डेवलपमेंट:** काम जारी, ट्रेनें भी चालू देशभर में 1,300 स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। 180 स्टेशन पूरे हो चुके हैं, जबकि 500 अंतिम चरण में हैं। खास बात—काम के दौरान ट्रेनों का संचालन बंद नहीं किया जा रहा।

राजस्थान में 85 स्टेशन, 4,535 करोड़ राजस्थान में अमृत स्टेशन योजना के तहत 85 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इनमें अजमेर मंडल के 15 प्रमुख स्टेशन शामिल हैं—सोजत रोड, मावली, राणाप्रताप नगर, पिंडवाड़ा, डूंगरपुर, मारवाड़ जंक्शन, फालना, कपासन, भीलवाड़ा, बिजयनगर, ब्यावर, सोमेसर, रानी, जंवाई बांध और फतेहनगर। इनमें से 8 स्टेशनों का उद्घाटन हो चुका है, बाकी पर काम जारी है।

# प्रेम प्रसंग बना मौत की वजह: सवाईराम आत्महत्या प्रकरण में पुलिस की त्वरित कार्रवाई

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 मार्च। बाड़मेर जिले के चौहटन थाना क्षेत्र के मंगलासर कोनरा में हुए सवाईराम आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश आर्य के निर्देशन और वृत्ताधिकारी जेठाराम मेघवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

घटना की रिपोर्ट 12 मार्च को मृतक के भाई मंगलासर कोनरा निवासी मदन पुत्र कचराराम ने पुलिस में पेश की। मदन ने अपने भाई सवाईराम की संदिग्ध मृत्यु के मामले में उसकी पत्नी समदा और उसके प्रेमी शकरदीन पर हत्या की आशंका जताई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मर्गदर्ज कर जांच शुरू की और मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम करवाया।

पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सवाईराम की मृत्यु हत्या नहीं बल्कि आत्महत्या थी, जिसके लिए उसे मजबूर किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी शकरदीन और मृतक की पत्नी समदा के बीच अवैध संबंध थे। जब सवाईराम ने इसका विरोध किया तो घटना के दिन उनके बीच तीखा विवाद हुआ। आरोपियों ने सवाईराम को देख लेने की धमकी दी, जिससे प्रताड़ित और परेशान होकर सवाईराम ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 108, 3(5) बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। वृत्ताधिकारी जेठाराम मेघवाल की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दबिश दी और दोनों मुख्य आरोपियों समदा मेघवाल पत्नी सवाईराम और शकरदीन पुत्र हाजी मोहिब खान को गिरफ्तार कर लिया।

# बांसवाड़ा में पुलिस-प्रशासन पर पथराव: 13 आरोपी गिरफ्तार, 35 पर केस दर्ज, वीडियोग्राफी से पहचान

24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। जिले के कुशलगढ़ क्षेत्र में सरकारी जमीन की पैमाइश के दौरान पुलिस-प्रशासन की टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कुल 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। घटना कुशलगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के निकट हिंडोलिया चारण गांव की है, जहां कचरा डंपिंग यार्ड के लिए आवंटित सरकारी जमीन की पैमाइश और सीमांकन करने प्रशासनिक टीम पहुंची थी। इसी दौरान विरोध कर रहे ग्रामीणों ने अचानक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में 7 पुलिसकर्मी घायल हो गए, वहीं दो सरकारी वाहनों के कांच भी टूट गए।

पहाड़ियों से घात लगाकर किया हमला

एएसपी नरपत सिंह के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका को डंपिंग यार्ड के लिए भूमि आवंटित की गई थी। मंगलवार को एसडीएम, डीएसपी, एसएचओ सहित नगर परिषद के अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि जमीन पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे कुछ ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पास की पहाड़ियों पर चढ़कर टीम पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए, जिससे स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई।

### घायलों का अस्पताल में उपचार

हमले में घायल पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को तत्काल कुशलगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।

दो अलग-अलग मामले दर्ज, वीडियोग्राफी से पहचान

इस हिंसक घटना को लेकर कुशलगढ़ थानाधिकारी प्रवीण सिंह और नगर परिषद के अधिशासी अधिकारी की ओर से अलग-अलग एफआईआर दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने बताया कि मौके पर की गई वीडियोग्राफी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है।

# दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 मौतें:इनमें 3 लड़कियां; दमकल ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई




24 न्यूज अपडेट

दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी।

दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस (DFS) के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# भगवा रंग में सराबोर उदयपुरः नवसंवत्सर की अगवानी में सड़कों पर उतरा आस्था और उत्सव का कारवां





**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 18 मार्च। झीलों की नगरी बुधवार को पूरी तरह भगवा रंग में रंगी नजर आई, जब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के स्वागत में भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य भगवा चार पहिया वाहन रैली निकाली गई। आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर इस आयोजन में जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा शहर नववर्ष के अभिनंदन में गूंज उठा। रैली की शुरुआत रानी रोड स्थित महाकाल मंदिर से संत-महात्माओं के सानिध्य में भगवा ध्वज दिखाकर हुई। सबसे आगे लहराता तिरंगा और उसके पीछे सैकड़ों भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहन—यह दृश्य मानो परंपरा और राष्ट्रभाव का संगम बन गया। जयघोष, शंखनाद और नवसंवत्सर के संदेशों के बीच रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई सब-सिटी सेंटर पहुंची। रैली मार्ग पर जगह-जगह समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सड़क किनारे खड़े लोगों ने हाथ जोड़कर अभिनंदन किया तो कई स्थानों पर जलपान और स्वागत द्वारों से आयोजन को उत्सव का रूप मिला। युवाओं की भागीदारी इस आयोजन की विशेष पहचान रही—हाथों में भगवा ध्वज, चेहरों पर उत्साह और "भारतीय नववर्ष" के उद्घोष ने माहौल को जीवंत बना दिया। समिति के संयोजक डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज में भारतीय नववर्ष के प्रति जागरूकता बढ़ाना और "पंच परिवर्तन" का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों को सशक्त करने की दिशा में एक संगठित प्रयास है।

नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में 19 मार्च को शहर की 73 बस्तियों के प्रमुख मंदिरों में महाआरती, गंगा आरती और हनुमान चालीसा पाठ होंगे, जिससे पूरे उदयपुर में आध्यात्मिक वातावरण का विस्तार होगा। इसके बाद 20 मार्च को चेटीचंड शोभायात्रा में सहभागिता, 21 मार्च को शंखनाद और घोष वादन, तथा 22 मार्च को भव्य शोभायात्रा, धर्मसभा और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें रेपरिया बालम फेम अशोक मंडा विश्नोई अपनी प्रस्तुति देंगे।

# स्वदेशी से 'डिज़ाइन इन इंडिया' तकः विद्यापीठ सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप तय




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 18 मार्च। राजस्थान विद्यापीठ की मेजबानी में "स्वदेशी, आर्थिक एवं तकनीकी राष्ट्रवाद" विषय पर दो दिवसीय वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स सम्मेलन का समापन जोरदार मंथन के साथ हुआ। देशभर से आए करीब 150 कुलपति और शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालयों को डिग्री देने वाले केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार और स्वदेशी तकनीक की प्रयोगशालाएं बनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी ने स्पष्ट कहा—अब "मेक इन इंडिया" से आगे बढ़कर "डिज़ाइन एंड डेवलप इन इंडिया" की दिशा में काम करना होगा। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा, शोध और स्वदेशी तकनीक के समन्वय को आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत बताया और "लोकल फॉर वोकल" को आर्थिक राष्ट्रवाद की नींव बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अतुल कोठारी ने शिक्षा और अर्थव्यवस्था को राष्ट्र की उन्नति का आधार बताते हुए भारतीय चिंतन, एकात्म मानववाद और नई शिक्षा नीति के समन्वय से संतुलित विकास की बात कही। वहीं राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए स्वदेशी क्षमताओं को देश की असली ताकत बताया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने अतिथियों का स्वागत करते कहा कि स्वदेशी सोच, आर्थिक राष्ट्रवाद और तकनीकी आत्मनिर्भरता में शिक्षा तथा शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू किया जाए, तो इसके दूरगामी और सकारात्मक परिणाम देश के विकास पथ को नई दिशा प्रदान करेंगे। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए स्वदेशी भावना के साथ अनुसंधान और नवाचार के समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि स्वदेशी हमारे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का प्रतीक है, जिसे वर्तमान समय में और अधिक सशक्त करने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बदलते समय के साथ स्थानीय उत्पादकों को बढ़ावा देते हुए आधुनिक तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधारभूत ढांचे, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे नवीन क्षेत्रों में कार्य करना समय की मांग है। इस दिशा में सतत प्रयास कर हम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। AIU अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक और महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने पाठ्यक्रम, शोध और उपयोग में स्वदेशी को प्राथमिकता देने पर बल दिया। रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली ने सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्र में प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में "आर्थिक देशभक्ति से स्वदेशीकरण" पर चर्चा हुई, जिसमें प्रो. एस.पी. सिंह, प्रो. नीलम मिश्रा और प्रो. जी.आर. सिशा ने विचार रखे। AIU के बिजनेस सेशन में भावी योजनाओं पर विमर्श हुआ। बेस्ट प्रैक्टिसेस अवार्ड में डॉ. डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी, पुणे प्रथम, आईसी यूनिवर्सिटी जयपुर द्वितीय और राजस्थान विद्यापीठ तृतीय रहा।

# होमगार्ड भर्ती में दौड़ के दौरान युवक की मौत, गांधी ग्राउंड में मचा हड़कंप

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। गांधी ग्राउंड में बुधवार सुबह होमगार्ड भर्ती के फिजिकल टेस्ट के दौरान एक अभ्यर्थी की दौड़ते समय तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नीलेश पाटीदार पुत्र जगदीश पाटीदार उम्र 27 निवासी पिछोड़ा तहसील गढ़ी जिला बांसवाड़ा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नीलेश ने दौड़ का पहला राउंड पूरा किया, लेकिन दूसरे राउंड की शुरुआत में ही अचानक गिर पड़ा। मौके पर मौजूद स्टाफ और पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की आशंका जताई गई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए भर्ती स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और भर्ती प्रक्रिया को व्यवस्थित किया। हाथीपोल थानाधिकारी राजू देवी ने बताया कि परिजनों को सूचना देकर पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक की हाल ही में सगाई हुई थी और कुछ महीनों बाद उसकी शादी तय थी, जिससे परिवार में शोक की लहर है। दोपहर बाद परिजन एमबी अस्पताल की मोर्चरी से शव लेकर गांव रवाना हुए। उदयपुर जिले में 350 पदों के लिए 7711 अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर फिजिकल टेस्ट देना होता है, जो रोज सुबह 7 बजे गांधी ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है।

# रेडियंट एकेडमी में 10वीं व 11वीं के नए बैच आज से शुरू, सुनियोजित तैयारी का आगाज़



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर की अग्रणी कोचिंग संस्था रेडियंट एकेडमी में नए शैक्षणिक सत्र के तहत कक्षा 10वीं एवं 11वीं के विशेष बैच आज, 19 मार्च से प्रारंभ हो गए हैं। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए परिणामोन्मुख एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप सुव्यवस्थित शैक्षणिक ढांचा तैयार किया गया है, जिससे वे बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट, ओलंपियाड एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। संस्था के संस्थापक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने बताया कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए स्कूल के बाद ईवनिंग स्पेशल बैच संचालित किए जा रहे हैं। IOQM की तैयारी के लिए स्पेशल बैच की शुरुआत भी की गई है । शाम को आईओएक्यूएम की तैयारी कोटा से स्पेशलिस्ट रेडियंट के वाईएसपी डिवीज़न के हेड यतीश गोयल करवाएंगे। इनमें बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ कॉन्सेप्ट क्लैरिटी, आंसर राइटिंग स्किल्स, रेगुलर प्रैक्टिस शीट्स एवं वीकली टेस्ट्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, साथ ही प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत प्रगति का विश्लेषण कर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। वहीं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए मॉर्निंग इंटीग्रेटेड बैच (जेईई/नीट / सी.ए फाउंडेशन/ IPMAT) शुरू किए गए हैं, जिनमें दो वर्षों की सुनियोजित रणनीति के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स/बायोलॉजी की गहराई से तैयारी करवाई जाएगी। इन बैचों का उद्देश्य छात्रों के लिए जेईई (मेन व एडवांस) एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की मजबूत नींव तैयार करना है। संस्थान की विशेषता इसका अनुभवी एवं विशेषज्ञ फैकल्टी पैनल है, जो कॉन्सेप्ट-बेस्ड लर्निंग, डाउट सॉल्विंग सेशन्स, रेगुलर टेस्ट सीरीज, पर्सनल मेंटरिंग एवं परफॉर्मेंस ट्रैकिंग के माध्यम से छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित करता है। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड एवं अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी, मोटिवेशनल सेशन्स, करियर गाइडेंस सेमिनार एवं पैरेंट-टीचर इंटरैक्शन का भी आयोजन किया जाएगा। संस्था के अकेडमिक हेड रवि रंजन के अनुसार, सीमित सीटों के साथ शुरू किए गए इन बैचों को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में खासा उत्साह है। रेडियंट एकेडमी हर वर्ष उत्कृष्ट परिणामों के साथ उदयपुर संभाग में अपनी सशक्त पहचान बना रही है और विद्यार्थियों को मजबूत अकादमिक आधार प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

संस्था के मीडिया प्रभारी जीतू डोडेजा ने बताया कि संस्थान की वरिष्ठ फैकल्टी अजीत अग्रवाल, नितिन सोहाने, दिलीप कुमार जैन, राहुल मालव, युवराज सिंह, निश्चय खण्डेलवाल , अंकुर शर्मा, राजेश पाटीदार प्रियदर्शिनी पोरवाल और हर्षिता शर्मा के शिक्षा पद्धति और अनुभव का विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिल रहा है !

# घरेलू गैस के अवैध उपयोग पर सख्तीः 5 सिलेंडर जब्त, एजेंसियों का निरीक्षण

**24 न्यूज अपडेट**


चित्तौड़गढ़, 18 मार्च। जिला प्रशासन, रसद व पुलिस की संयुक्त सतर्कता टीम ने घरेलू गैस के अवैध भंडारण और उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भदेसर क्षेत्र में चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित होटलों से 5 सिलेंडर जब्त किए। कलेक्टर आलोक रंजन के निर्देश पर जिलेभर में गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। कुम्भानगर स्थित एजेंसी पर स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर उपभोक्ताओं को नियमित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिले में 28 गैस एजेंसियों के माध्यम से 3.85 लाख से अधिक कनेक्शन सक्रिय हैं और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध बताया गया है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग व अनावश्यक भंडारण नहीं करने की अपील की है। साथ ही सोलर कुकर, इंडक्शन चूल्हा व बायोगैस जैसे वैकल्पिक ईंधन अपनाने और अफवाहों से बचने की सलाह दी गई है।

# विद्यालय में 29 बालिकाओं को की साइकिल वितरण

**24 न्यूज अपडेट**

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर में स्थित पी एम श्री महिपाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा में 29 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वेलचन्द पाटीदार तथा नोडल स्तरीय साइकिल वितरण प्रभारी विरल जैन ने कहा कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। कई छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में दूरी की समस्या होती है, ऐसे में साइकिल मिलने से उनकी पढ़ाई में सहूलियत होगी और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगी। पीटीए अध्यक्ष शिक्षा विद उमाकांत व्यास ने भी छात्राओं को नियमित अध्ययन करने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और इस तरह की योजनाएं छात्राओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इस अवसर पर उमेश पाटीदार, शिवराम मोची, चंद्र कांता सिंधी, सुंदरलाल, योगेश कुमार सुथार, संदीप कुमार जोशी, देवेंद्र कुमार भट्ट,शाकिर मोहम्मद अर्जुन लाल राठौड़ , मुकेश कुमार भट्ट समेत समस्त विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों की उपस्थिति में छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। साइकिल वितरण के बाद छात्राओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी और वे समय पर पढ़ाई कर सकेंगी। संचालन विरल जैन व आभार देवेंद्र कुमार भट्ट ने व्यक्त किया।

# भींडर में रंग तेरस पर नृसिंह दरबार में 5 क्विंटल फूलों की होली, भजनों से झूम उठा नगर



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर/भींडर। रंग तेरस की रात भींडर में आस्था, उल्लास और भक्ति का ऐसा संगम देखने को मिला, जहां श्री नृसिंह भगवान मंदिर में ब्रज की तर्ज पर भव्य फूलों की होली खेली गई। भक्त प्रहलाद धर्म जागरण सेवा समिति सुंदरकांड मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस फागोत्सव में हजारों श्रद्धालु उमड़े और ठाकुरजी के संग होली खेलकर सुख-समृद्धि की कामनाएं की। मंदिर के पट खुलते ही "नृसिंह भगवान के जयकारों" से पूरा परिसर गूंज उठा। इस बार आयोजन को खास बनाने के लिए करीब 5 क्विंटल फूलों से ठाकुरजी और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई, जिसने माहौल को अलौकिक बना दिया। रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू, आकर्षक गुब्बारों की सजावट और दूधिया रोशनी ने मंदिर को दिव्य रूप दे दिया। भगवान नृसिंह का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। फागोत्सव में देर रात तक भक्ति की धारा बहती रही। "बीच बजारों भींडर बैठा श्री नृसिंह भगवान, सवा रुपये की केसर में करे कल्याण" और "म्हारा नृसिंह भगवान ने खम्मा रे खम्मा" जैसे भजनों पर महिला-पुरुष, युवा और बच्चे झूमते नजर आए। डीजे और पारंपरिक भजनों के संगम ने आयोजन को और जीवंत बना दिया। श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा था कि मंदिर परिसर से लेकर आसपास की गलियों तक भीड़ उमड़ पड़ी। कई परिवार पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और एक-दूसरे पर फूल बरसाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। महाआरती में सैकड़ों लोगों ने एक साथ भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। आयोजकों ने व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की, जिससे भीड़ के बावजूद आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। देर रात तक भींडर की गलियां भजनों की गूंज और फूलों की खुशबू से महकती रहीं—मानो पूरा नगर नृसिंह भक्ति के रंग में डूब गया हो।

# उदयपुर में 21 मार्च को U-20 जिला कुश्ती ट्रायल, बजरंग व्यायामशाला में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। युवा पहलवानों के लिए बड़ी खबर है। उदयपुर जिला कुश्ती संघ द्वारा U-20 जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2026 के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 21 मार्च 2026 को आयोजित किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता आयड़ स्थित बजरंग व्यायामशाला, गंगू कुंड में सायं 5 बजे से शुरू होगी, जहां जिलेभर के उभरते पहलवान अपनी ताकत और तकनीक का दम दिखाएंगे। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष पारस सिंघवी और महासचिव दीपक राजोरा के अनुसार, इस ट्रायल में वर्ष 2006, 2007 और 2008 में जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। वहीं 2009 में जन्मे 17 वर्षीय प्रतिभागियों को मेडिकल या पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। आयोजन की कमान उस्ताद यशवंत चौधरी को सौंपी गई है, जिन्हें आयोजन सचिव नियुक्त किया गया है।

जरूरी दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य

चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नगर परिषद द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की मूल व छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। बिना दस्तावेज के एंट्री नहीं मिलेगी।

## तीनों फॉर्मेट में मुकाबले

ट्रायल में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सभी वर्गों में निर्धारित भार श्रेणियों के अनुसार मुकाबले होंगे, जिनमें हल्के से लेकर हेवीवेट तक के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चयन के बाद कैंप, फिर राज्य स्तर पर दांव इन ट्रायल्स के आधार पर चयनित खिलाड़ियों के लिए 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद अंतिम टीम का गठन कर उसे U-20 जूनियर राज्य कुश्ती प्रतियोगिता 2026 (संभावित स्थल अजमेर) में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करने भेजा जाएगा। संघ के महासचिव दीपक राजोरा ने खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए आयोजन सचिव उस्ताद यशवंत चौधरी से संपर्क किया जा सकता है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।